TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com
https://twitter.com/teachersofbihar
https://www.youtube.com/c/teachersofbihar
https://www.facebook.com/teachersofbihar
https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar
www.teachersofbihar.org

2024

# Teachers of Bihar

*The change makers*

# दिवस ज्ञान

शशिधर उज्जवल

## 29 मई

1. **अंतर्राष्ट्रीय माउंट एवरेस्ट दिवस–** अंतर्राष्ट्रीय माउंट एवरेस्ट दिवस प्रतिवर्ष 29 मई को मनाया जाता है। इसी दिन वर्ष 1953 में नेपाल के तेनजिंग नोर्गे शेरपा और न्यूजीलैंड के एडमंड हिलेरी पहली बार माउंट एवरेस्ट पर चढे थे। इसी दिवस के स्मृति में वर्ष 2008 से अंतर्राष्ट्रीय माउंट एवरेस्ट दिवस मनाने का निर्णय किया गया। माउंट एवरेस्ट को नेपाल में 'सागरमाथा' तथा तिब्बत में 'चोमोलुंगमा' के नाम से जाना जाता है।
   - संदर्भः 'पर्यावरण और हम भाग 3' के अध्याय 1
2. **विश्व पाचन स्वास्थ्य दिवस–** खान–पान की गलत आदतों के कारण अक्सर पेट से संबधित बीमारियां हो जाती है, जिसके प्रति लोगों में जागरूकता लाने हेतु वर्ष 2003 से प्रतिवर्ष 29 मई को विश्व पाचन स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है।





W e d n e s d a y

/teachersofbihar

Madhu priya

मधु प्रिया


# विश्व पाचन स्वास्थ्य दिवस 29 मई



हर साल, विश्व पाचन स्वास्थ्य दिवस (World Digestive Health Day - WDHD) 29 मई को मनाया जाता है। यह विश्व गैस्ट्रोएंटरोलॉजी संगठन द्वारा आयोजित किया जाता है। रोग और/ विकार की रोकथाम, व्यापकता, निदान, प्रबंधन और उपचार के बारे में आम जनता में जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रत्येक वर्ष यह दिवस एक विशेष पाचन रोग और/या विकार पर केंद्रित होता है।विश्व पाचन स्वास्थ्य दिवस 2004 में विश्व गैस्ट्रोएंटरोलॉजी संगठन के निर्माण की 45 वीं वर्षगांठ को चिह्नित करने के लिए शुरू किया गया था।संगठन के पूरी दुनिया में 100 से अधिक सदस्य समितियां और 50,000 व्यक्तिगत सदस्य हैं। इसकी शुरुआत डब्ल्यूजीओ और डब्ल्यूजीओएफ के सहयोग से की गई थी। इसका उद्देश्य पाचन संबंधी रोग और विकार के विषय में जन जागरूकता बढ़ाना है। इस वर्ष, 2023, विश्व गैस्ट्रोएंटरोलॉजी संगठन द्वारा दी गई विश्व पाचन स्वास्थ्य दिवस की थीम " योर डाइजेस्टिव हेल्थ: ए हेल्दी गट फ्रॉम द स्टार्ट " है, जो इष्टतम गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल फ़ंक्शन और माइक्रोबायोम स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए स्वस्थ आहार की आवश्यकता की वकालत करती है। लक्ष्य एक स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देना और स्वस्थ गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल (जीआई) पथ के महत्व की समझ में सुधार करना है।

# पुण्यतिथि विशेष 29 मई

राकेश कुमार




**चौधरी चरण सिंह** *Chaudhary Charan Singh*, जन्म: 23 दिसम्बर, 1902 मेरठ; मृत्यु- 29 मई, 1987) भारत के पाँचवें प्रधानमंत्री थे। चरण सिंह किसानों की आवाज़ बुलन्द करने वाले प्रखर नेता माने जाते थे। चौधरी चरण सिंह का प्रधानमंत्री के रूप में कार्यकाल 28 जुलाई, 1979 से 14 जनवरी, 1980 तक रहा।



रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान
Rakesh kumar
कोलकाता की रहने वाली अनसूया सेनगुप्ता ने इतिहास रच दिया है। वह कान फिल्म फेस्टिवल में बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड पाने वाली पहली भारतीय बनी हैं। अनसूया को यह अवॉर्ड उनकी फिल्म 'शेमलेस' के लिए मिला है।
www.teachersofbihar.org

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 29.05.2024

## मौखिक और लिखित भाषा

मौखिक अर्थात मुँह से बोला गया और लिखित अर्थात लिखा हुआ। लिखित का अर्थ है कि जो लिखा हुआ है,जैसे कोई पत्र या कोई दस्तावेज। इसे लिखित या Written / document in writing कह सकते हैं। जबकि मौखिक जैसा कि सुनने से ही लगता है कि यह लिखित नहीं,बल्कि अलिखित है, बोला हुआ या कहा हुआ है जिसे Oral/ words कह सकते हैं।


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
QUIZ TIME
Today's Quiz
Quiz Number 401
शरीर में भोजन का पचना किस प्रकार की अभिक्रिया हैं?
A. अवकरण
B. ऑक्सीकरण
C. उदासीनीकरण
D. वैथुत अपघटन।
www.teachersofbihar.org
सही उत्तर: B



# TOB बूझो तो जानें. .

413

रात में है, दिन में नहीं, दीया के नीचे है, ऊपर नहीं ! ........ बुझो तो जानें ?




www.teachersofbihar.org

संजय कुमार

TOB

राकेश कुमार



# खेल कॉर्नर





## टी-20 वर्ल्ड कप के मेजबान

**2007 चैंपियन : भारत**
मेजबानी : साउथ अफ्रीका

**2009 चैंपियन : पाकिस्तान**
मेजबानी : इंग्लैंड

**2010 चैंपियन : इंग्लैंड**
मेजबानी : वेस्टइंडीज

**2012 चैंपियन : वेस्टइंडीज**
मेजबानी : श्रीलंका

**2014 चैंपियन : श्रीलंका**
मेजबानी : बांग्लादेश

**2016 चैंपियन : वेस्टइंडीज**
मेजबानी : भारत


**2021 चैंपियन : ऑस्ट्रेलिया**
मेजबानी : यूएई

**2022 चैंपियन : इंग्लैंड**
मेजबानी : ऑस्ट्रेलिया

**2024 चैंपियन : ------**
मेजबानी : मेजबानी- वेस्टइंडीज और अमेरिका

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

पद्मभूषण पुरस्कार से
सम्मानित भारतीय फिल्म
जगत के प्रसिद्ध अभिनेता




## पृथ्वीराज कपूर

की पुण्यतिथि पर सादर नमन।

जन्म- 3 नवम्बर 1906
मृत्यु- 29 मई 1972

www.teachersofbihar.org

Madhu priya



TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

भारत के किसान राजनेता एवं पाँचवें प्रधानमंत्री, अपना संपूर्ण जीवन भारतीयता और ग्रामीण परिवेश की मर्यादा में जीने वाले

# चौधरी चरण सिंह

की पुण्यतिथि पर शत्-शत् नमन।

जन्म- 23 दिसंबर 1902
मृत्यु- 29 मई 1987

www.teachersofbihar.org

Madhu priya

# अंतर्राष्ट्रीय एवरेस्ट दिवस

29 मई




न्यूजीलैंड के सर एडमंड हिलेरी और नेपाल के तेनजिंग नोर्गे शेरपा द्वारा माउंट एवरेस्ट को पहली बार फ़तेह करने की याद में अंतर्राष्ट्रीय एवरेस्ट दिवस मनाया जाता है।वे माउंट एवरेस्ट की ऊंचाई पर पहुंचने वाले पहले इंसान बने।

Madhu priya

**पुण्यतिथि विशेष**

**29 मई 2024**

# Teachers of Bihar

The Change Makers


## आज का सुविचार

भ्रष्टाचार का अंत ही देश को आगे ले जा सकता है।

**चौधरी चरण सिंह**

**( भारत के पूर्व प्रधानमंत्री )**

**जन्म: 23 दिसम्बर 1902 मृत्यु: 29 मई 1987**



राकेश कुमार